# 2022

# HINDI

## (Modern Indian Language)

**Full Marks : 100**

**Pass Marks : 33**

**Time : Three hours**

*साधारण निर्देश :*

(i) इस प्रश्न-पत्र के **छः** खण्ड हैं : क, ख, ग, घ, ङ, च ।

(ii) प्रत्येक प्रश्न अनिवार्य है।

(iii) प्रत्येक प्रश्न के लिए निर्धारित अंक प्रश्न के सामने दिए गए हैं।

(iv) उत्तर देते समय प्रश्न-पत्र में दी गई प्रश्न-संख्या तथा निर्देशों का ध्यान रखिए।

**खण्ड — क**
**(पद्य–8+12=20 अंक)**

1. नीचे लिखे पद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : 6

(क) गौर से देखता है
फिर जम्हाई लेता है बार-बार
अनिच्छा-भरी साँस से ।

*अथवा*

(ख) मैं नवागंतुक हूँ
मेरा यही अपराध है कि
मैं सैनिक के वेश-भूषा में आया हूँ
अगर मैं जन्म की पोशाक में आता
तो वे स्वीकार ही नहीं करते ।

*निर्देश :* प्रश्न-संख्या 2 का उत्तर लगभग 40 शब्दों में, प्रश्न-संख्या *3* का उत्तर लगभग 25 शब्दों में, प्रश्न-संख्या 4 और 5 के उत्तर लगभग 20 –20 शब्दों में, प्रश्न-संख्या 6 और 7 के उत्तर एक-एक वाक्य में तथा प्रश्न-संख्या 8 का उत्तर नीचे दिए गए संभावित विकल्पों में से सही उत्तर चुनकर कोष्ठक में दिए गए वर्ण को ही उत्तर-पुस्तिका में लिखिए।

2. अनर बेलि बिनु मूल की, प्रतिपालन जो ताहि ।
रहिमन, ऐसे प्रभुहिं तजि, खोजत फिरिये काहि ।
– रहीम के उपर्युक्त दोहे का तात्पर्य स्पष्ट कीजिए । 4

3. बनजारा अपने जीवन को बेकार क्यों नहीं मानता ? 3

4. कामदेव कैसे भस्म हो गया ? 2

5. 'अब लौं नसानी अब न नसैहौं ।
रामकृपा भव-निसा सिरानी जागे फिर न डसै हौं ।।'
– उपर्युक्त पंक्तियों का अर्थ स्पष्ट कीजिए । 2

6. अजामिल कौन था ? 1

7. तुलसीदास का आराध्य देव कौन हैं ? 1

8. 'प्रौढ़ शिक्षा' शीर्षक कविता लिखने वाले कवि का नाम क्या है ? 1

(क) सर्वेश्वरदयाल सक्सेना

(ख) नागार्जुन

(ग) धूमिल

(घ) पवित्र मुखोपाध्याय

**खण्ड – ख**

**(गद्य—25 अंक)**

9. नीचे लिखे गद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए :

(क) मीठी बातों से बाघ के मुँह से अपना सिर नहीं निकाला जा सकता। उस वक्त वाछ का मारना ही एक इलाज है । 6

***अथवा***

(ख) जगत के साधु अगर यह कहते आए हैं कि मनुष्य जन्मतः अच्छा है, तो वे यह भी कहते आए हैं कि उनकी प्रारम्भिक प्रवृत्तियाँ पशु-प्रवृत्तियाँ है, इसलिए चाहे व्यक्ति हो, चाहे समाज हो, चाहे साहित्य हो, चाहे राष्ट्र हो, हम अच्छा करते हैं जो उसपर आँख भूँदकर विश्वास नहीं करते।

***निर्देश :*** प्रश्न-संख्या 10 का उत्तर लगभग 150 शब्दों में, प्रश्न-संख्या 11 का उत्तर लगभग 40 शब्दों में, प्रश्न-सख्या 12 का उत्तर लगभग 25 शब्दों में, प्रश्न-संख्या 13 का उत्तर लगभग 20 शब्दों में तथा प्रश्न-संख्या 14 और 15 के उत्तर नीचे दिए गए संभावित विकल्पों में से सही उत्तर चुनकर कोष्ठक में दिए गए वर्ण को ही उत्तर-पुस्तिका में लिखिए ।

10. 'पत्नी' कहानी *अथवा* 'कामाख्या की छाया में' पाठ का सारांश लिखिए । 8

11. प्राचीन काल में मणिपुर की महिलाएँ युद्ध-विद्या क्यों सीखती थीं ? 4

12. एड्स के संचार को पूर्ण रूप से रोकने लिए हमें क्या-क्या सावधानियाँ बरतनी चाहिए ? 3

13. सबल साहित्य की लाक्षणिकताएँ क्या-क्या हैं ? 2

14. 'आज का साहित्य कल का आविष्कार है ।'

– उपर्युक्त वाक्य कौन-से पाठ से उद्धृत किया गया है ? 1

(क) पत्नी

(ख) साहित्यिक की मूर्तिपूजा

(ग) मणिपुर के प्राचीन खेल

(घ) कामाख्या की छाया में

15. 'किशोरावस्था और एड्स' शीर्षक निबन्ध का लेखक कौन है ? 1

(क) अज्ञेय

(ख) जैनेन्द्रकुमार

(ग) इबोहल सिंह काङ्जम

(घ) एस. लनचेनबा मीतै

## खण्ड — ग

## (पूरक पाठ्य पुस्तक — 15 अंक)

*निर्देश :* प्रश्न-संख्या 16 का उत्तर लगभग 40 शब्दों में, प्रश्न-संख्या 17 का उत्तर लगभग 25 शब्दों में, प्रश्न-संख्या 18 और 19 के उत्तर लगभग 20-20 शब्दों में, प्रश्न-संख्या 20, 21 औक 22 के उत्तर एक-एक वाक्य में तथा प्रश्न-संख्या 23 का उत्तर नीचे दिए गए संभावित विकल्पों में से सही उत्तर चुनकर कोष्ठक में दिए गए वर्ण को ही उत्तर-पुस्तिका में लिखिए।

16. बिजली को आधुनिक युग की सब से बड़ी शक्ति क्यों कहा गया है ? 4

17. पुराण कालीन भारतीय संस्कृति की विशेषताएँ स्पष्ट कीजिए । 3

18. दफ्तर के लोग विजयकृष्ण से क्यों असंतुष्ट थे ? 2

19. रामायण और महाभारत की सामान्य विशेषताएँ लिखिए। 2

20. त्रिपिटक क्या है ? 1

21. त्रिवेणी ने अपनी माँ से पैसा क्यों माँगा ? 1

22. विज्ञान का अर्थ क्या है ? 1

23. महायज्ञ कितने हैं ? 1

(क) तीन

(ख) चार

(ग) पाँच

(घ) छः

**खण्ड — घ**

**(वाचन — 10 अंक)**

*निर्देश :* प्रश्न-संख्या 24, 25 और 26 के उत्तर लगभग 20–20 शब्दों में तथा प्रश्न-संख्या 27 से 30 तक के उत्तर एक-एक वाक्य में लिखिए।

24. बरवै छन्द का लक्षण सोदाहरण लिखिए। 2

25. अतिशयोक्ति अलंकार किसे कहते हैं ? सोदाहरण लिखिए। 2

26. श्लेष अलंकार किसे कहते हैं ? सोदाहरण लिखिए। 2

27. 'मुख कमल है।'

– उपर्युक्त वाक्य में कौन-सा अलंकार निहित है ? 1

28. सोरठा छन्द का एक उदाहरण लिखिए । 1

29. हरिगीतिका छन्द का एक उदाहरण लिखिए । 1

30. 'तीन बेर खातीं ते वे तीन बेर खाती हैं ।'

– उपर्युक्त पंक्ति में कौन–सा अलंकार निहित है ? 1

## खण्ड — ङ

## (लेखन — 15 अंक)

31. मान लीजिए कि आप मणिपुर पब्लिक स्कूल के प्रधान अध्यापक हैं । आपके स्कूल में हिन्दी अध्यापक का एक पद खाली है । इस पद के लिए योग्य उम्मीदवारों से आवेदन–पत्र आमंत्रित करते हुए एक विज्ञापन लिखिए । 8

32. मान लीजिए कि आप 'जनता एक्सप्रेस' नामक दैनिक समाचार–पत्र के सम्पादक हैं । आजकल हमारे देश में पेट्रोल की कीमत दिन–ब–दिन बढ़ती जा रही है। इसि सम्बन्ध में आप अपने समाचार–पत्र में छपाने लायक एक लेख लिखिए । 7

## खण्ड — च

## (व्याकरण — 15 अंक)

***निर्देश :*** प्रश्न–संख्या 33 का उत्तर लगभग 25 शब्दों में, प्रश्न–संख्या 34, 35 और 36 के उत्तर लगभग 20-20 शब्दों में तथा प्रश्न–संख्या 37 से 42 तक के उत्तर एक–एक वाक्य या शब्द या शब्दसमूह में लिखिए ।

33. सन्धि और समास मे क्या अन्तर है ? सोदाहरण लिखिए । 3

34. सन्धि कितने प्रकार की होती है ? सोदाहरण लिखिए । 2

35. कर्मधारय समास किसे कहते हैं ? सोदाहरण लिखिए । 2

36. मुहावरे और लोकोक्ति का अन्तर सोदाहरण स्पष्ट कीजिए । 2

37. 'श्याम आया और चला गया ।'

– उपर्युक्त संयुक्त वाक्य को सरल वाक्य में परिवर्तित कीजिए । 1

38. 'यद्यपि मोहन धनी है तथापि बहुत दुःखी है ।'

– उपर्युक्त मिश्रित वाक्य को संयुक्त वाक्य में परिवर्तित कीजिए । 1

39. 'कफन सिर पर बाँधे फिरना' मुहावरे का अर्थ लिखिए । 1

40. 'फूँक-फूँक कर पैर रखना' मुहावरे का अर्थ लिखिए । 1

41. 'अधजल गगरी छलकत जाए' लोकोक्ति का अर्थ लिखिए । 1

42. 'हाथ कंगन को आरसी क्या' लोकोक्ति का अर्थ लिखिए । 1

---